संक्षिप्त

कंचन सोशल मीडिया प्रभारी बनी

डॉ. कंचन सोरल।

शाहपुरा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी के निर्देशानुसार राजस्थान महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भण्डारी की अनुशंसा पर ग्राम पंचायत देवन – शाहपुरा (जयपुर ग्रामीण) निवासी बगरू विधानसभा क्षेत्र की जुझारू, कर्मठ, ईमानदार छवि, हंसमुख, मिलनसार लोकप्रिय जनसेविका डॉ. कंचन सोरल को भाजपा राजस्थान महिला मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्त करने पर शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

पदयात्रा रवाना हुई

टोंक, (निसं)। गुर्जर समाज की देवनारायण भगवान की टोंक से देवधाम जोधपुरिया के लिए दो दिवसीय 36वीं विशाल पदयात्रा मंगलवार को गाजे बाजे के साथ उत्साह पूर्वक रवाना हुई। इससे पूर्व यहां कालाबाबा स्थित हीरामन बाबा के मंदिर में ध्वजों की विधिवत पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात पदयात्रा में शामिल महिला, पुरुष एवं नौजवान भगवान देवनारायण जी के जयकारे लगाते एवं नाचते गाते हुए रवाना हुए। यह पदयात्रा पुराना बस स्टेण्ड, घंटाघर, गाँधी पार्क होते हुए सांडबाबा के मंदिर पहुंची जहां गुर्जर समाज के पंच पटेलों द्वारा सभी पदयात्रियों का स्वागत किया गया। यह पदयात्रा मंगलवार को पक्का बंधा, सोयला, मोटूका, बरोनी होते हुए निवाई पहुंचेगी, जहां पदयात्रियों का रात्रि विश्राम होगा। बुधवार को प्रातः सभी पदयात्री निवाई से रवाना होकर वनस्थली होते हुए देवधाम जोधपुरिया पहुंचेगी।

चोरी प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। घाड थाना क्षेत्र में सूने मकान से हुई चोरी के मामले में मालपुरा वृताधिकारी सुरेश कुमार के निर्देशन में गठित टीम द्वारा अनुसंधान किये जाने पर आरोपी को जिला बून्दी से दस्तेआब कर गिरफ्तार किया। अनुसंधान अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गत 29 अगस्त को दिन–दहाड़े भगवान सिंह के सूने मकान से चोरी के प्रकरण में लिप्त आरोपी गौरव उर्फ दिपक पुत्र प्रभुलाल गुर्जर उम्र 23 साल निवासी माताजी का झोपडा थाना दई जिला बून्दी से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में रखे जाने के आदेश दिये गये।

गणेश चतुर्थी पर शोभायात्रा निकाली

राजगढ़, (निसं)। कस्बे में गणेश जन्मोत्सव पर आकर्षक झांकियां एवं कार्यक्रमों के गणपति बप्पा मोरिया की गूंज के साथ निकली शोभा यात्रा को देखने भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुषों की भीड़ उमड़ी। इधर कस्बे के बाद गणपति मंदिर एवं रिद्धि सिद्धि गणेश मंदिर सहित ग्रामीण अंचल में भी मंदिरों में पूजा अर्चना करने वालों की गूंज रही।

मालपुरा में 108 जगह हुई गणपति स्थापना, गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजे

मालपुरा, (निसं)। गणेश चतुर्थी के पावन पर मालपुरा शहर में विभिन्न स्थानों पर गणपति महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये गये।

सामाजिक समरसत्ता एवं सनातन धर्म की पालना को लेकर गणपति महोत्सव समिति द्वारा गणेश चतुर्थी पर 108 स्थानों पर पूजा अर्चना के साथ गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई। कार्यक्रमों में कई भामाशाह व जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों ने भागीदार बन पुण्य अर्जित किया। शहर के प्रमुख गणेश मंदिर माणक चौक बाजार में गजानंद गणेश जी को छप्पन भोग की झांकी सजा विशेष पूजा अर्चना की गई। समाजसेवी भामाशाह चन्द्रकांत शर्मा लोटस के मुख्य आतिथ्य में 1008 दीपकों से महाआरती की गई। ब्रह्म सरोवर की पाल पर स्थित सिद्धी विनायक मनोकामना पूर्ण गणेश मंदिर में पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने विशेष पूजा अर्चना कर गणपति को मोदक का भोग लगाया। ख्वास के कटले में स्थित विघ्न हरण गणेश जी को चांदी की पोशाक व परसा धारण करवा विशेष झांकी सजाई गई। सांयकाल माणक चौक बाजार में आयोजित गणेश मेले में उमड़े आस्था का सैलाब ने लम्बी कतारों मे लग गजानन्द की विशेष झांकी के दर्शन किये। सजीव झांकियां सजाई गई व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों दी गई। पंडित राजाराम शर्मा, पंडित राजू पाण्डेता द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से गणेश जन्मोत्सव की पूजा करवाई गई। नगरपालिका प्रशासन द्वारा गणेश मेले व जन्मोत्सव पर विद्युत व सफाई की माकुल व्यवस्थाएं की गई।

■ गणेश जी को छप्पन भोग लगा घर-घर की पूजा

मालपुरा के माणक चौक बाजार में गणेशजी को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया।

दस दिवसीय गणेश महोत्सव का आगाज

मंडावरी, (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र में गणेश चतुर्दशी के शुभ अवसर पर गणपति महाराज की स्थापना के साथ दस दिवसीय गणेश महोत्सव का आगाज हुआ।

गणेश चतुर्थी को लेकर दिनभर गणेश जी महाराज की विशेष पूजा अर्चना का दौर जारी रहा। इसे लेकर गणेश मंदिर देवालयों इत्यादि में गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों का शोर रहा। विगत कई सालों से कस्बे एवं आसपास क्षेत्र में मुंबई की तर्ज पर घर–घर गणपति की स्थापना की जाती है एवं उनकी विशेष पूजा अर्चना के साथ विसर्जन कार्यक्रम भी किया जाता है। मंडावरी कस्बे में कई घरों में गणेश चतुर्दशी के मौके पर गणपति की स्थापना की गई एवं विशेष पूजा अर्चना रिद्धि सिद्धि शुभ लाभ पूरे परिवार के साथ विराजित किया गया। कस्बे के पावर हाउस स्थित गणेश मंदिर में गणेश महाराज की विशेष झांकी सजाई गई एवं विशेष भोग प्रसादी का भी वितरण किया गया। गणेश मंदिर में दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इसी तरह सुरतपुरा बांध स्थित गणेश मंदिर पर दो दिवसीय गणेश में लिखा आयोजन किया गया।

शौर्य यात्रा का स्वागत

खैरथल, (निसं)। बजरंग दल प्रांत सहप्रमुख राजेंद्र ने कहा कि सनातन धर्म भारतीय संस्कृति का ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व का मूल स्तम्भ है। वे यहां महावर भवन में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल शौर्य यात्रा के रात्रि विश्राम से पूर्व आयोजित सभा में बोल रहे थे। मंगलवार को किशनगढ़ बास पहुंची यात्रा का व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। प्रारंभ में खैरथल में पहुंचने पर राव तुलाराम चौक पर विहिप, बजरंग दल, बालाजी परिवार,महावर वैश्य महिला मंडल सहित अनेक सामाजिक संगठनों के द्वारा शौर्य यात्रा का भव्य स्वागत किया गया और महावर भवन तक मार्ग में हजारों लोगों द्वारा पुष्प वर्षण कर स्वागत किया।

गणेश चतुर्थी पर मेले का आयोजन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे के गणेश मंदिरों में मंगलवार को भगवान गजानन को रिद्धि सिद्धि सहित नवीन पोशाक धारण कराई गई तथा मेले का आयोजन किया गया। खंडेला रोड स्थित श्रीगोपालजी कुंडवाला गणेश मंदिरों में पाटोत्सव मनाया गया। सेवक महावीर ठठेरा ने बताया कि गणेश चतुर्थी का पर्व पर विभिन्न योग–संयोगों में मनाया गया। पुजारी मखनलाल शर्मा ने बताया कि भगवान गणपति को नवीन पोशाक धारण करा कर श्रृंगार किया गया। डंके, खिलौने भेंट कर गुड़धानी व मोदक का भोग लगाया गया। शाम को विशाल मेले का आयोजन कर रात्रि में भजन संध्या हुई । भक्त जनों ने लाइन में लगकर अपनी बारी आने पर गणेश जी के दर्शन किए तथा प्रसाद चढ़कर अपनी मनौतिया मांगी वहीं पंचाली फाटक के पास टीडीनाथ आश्रम के गणेशजी मंदिर में गणेश महोत्सव और पाटोत्सव को लेकर चल रही शिव महापुराण का समापन मंगलवार को किया गया।

धूमधाम से मनाया गणेश चतुर्थी पर्व

पावटा, (निसं)। पावटा सहित आस–पास के क्षेत्र में गणेश चतुर्थी का पर्व परपरागत रूप से बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। वहीं पावटा मुख्य बाजार स्थित भगवान गणेश मंदिर में विशेष श्रृंगार एवं आकर्षक सजावट की गई।

लोगों ने भगवान के लड्डुओं का भोग लगा कर परिवार में खुशी एवं सुख समृद्धि की कामना की। वहीं विनायक कमेटी पावटा द्वारा श्री गणेश जी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। जहां गणेश जी महाराज की मंगलदास जी महाराज व मोहन दास जी महाराज के सानिध्य में मंगला झांकी से लेकर शयन आरती तक विशेष अराधना की गई। वही मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुविधा के लिए आयोजक विनायक कमेटी के सभी सदस्यों द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं की गई। वहीं विधायक इंद्राज गुर्जर, भाजपा नेता कुलदीप धनकड़, जगन चौधरी, पावटा व्यापार मंडल संस्थापक किशन गोयल, अध्यक्ष गिरधारी गोयल, पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुरेश शर्मा, बद्री प्रसाद चौहान, विजय गुप्ता, डॉ. रवि गुप्ता, डॉ. अंजली गुप्ता सहित जनप्रतिनिधियों ने गणेश जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

गणेश मंदिर में विशेष श्रृंगार एवं आकर्षक सजावट की गई।

सैनी महापंचायत संगठन की आमसभा

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय सैनी महापंचायत संगठन के कार्यकर्ताओं की आमसभा संगठन के जिला अध्यक्ष बिल्लूराम सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। तहसील अध्यक्ष सुभाष सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर व प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 05 नवम्बर को आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। समारोह में प्रतिभावान विधार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। विद्यार्थी अपनी अंक तालिका तोंदवाल फोटो कॉपी सेशन कोर्ट के सामने, राहुल किराना स्टोर उपली कोठी, तारा माध्यमिक विद्यालय रसनाली, श्री विनायक सीएससी सेन्टर गोपालपुरा रोड, जगदम्बा ऑटो सेल्स राजस्थान स्कूल के सामने, सुगन ट्रंक फैक्ट्री गोपालपुरा रोड, आर.के मोबाइल प्वाइंट पंचायत समिति के पास आदि स्थानों पर जमा करवा सकते है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सैनी, जिला प्रवक्ता सुभाष सैनी आदि मौजूद रहे।

जिला प्रमुख ने सपत्नी गणेश जी की पूजा की

बाबा शीतल दास महाराज आश्रम पर जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर ने सपत्नीक बाबा बालकादेवाचार्य का आशीर्वाद लिया।

बहरोड़/ अलवर, (निसं)। मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में स्थित बेनामी आश्रम बाबा शीतल दास महाराज आश्रम रैणागिरी धाम पर बाबा बालकादेवाचार्य का आशीर्वाद लेकर विद्वान पंडितों के निर्देशन में अलवर जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर ने सपत्नीक गणेश चतुर्थी का पूजन करते मन्नत मांगी। राजस्थान के विधानसभा क्षेत्र मुंडावर में रैनागिरी की पहाड़ियों के बीच स्थित बेनामी आश्रम बाबा शीतलदास महाराज के आश्रम पर उनकी पत्नी प्रेम देवी के साथ पहुंचकर पूजा पाठ करते महंत बालकादेवाचार्य का आशीर्वाद लेकर मन्नत मांगी।

विष्णु कुमार चौधरी 215 मतों से विजयी

फुलेरा, (निसं)। दी रेलवे को–ऑपरेटिव बैंक शाखा के चुनाव सोमवार को रेलवे इंस्टिट्यूट में दो बुथों पर सम्पन्न करवाये गये थे। जिसमें कुल 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। शान्तिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो जाने के बाद इनका परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। जिसमें प्रत्याशी विष्णु कुमार चौधरी 215 मतों से विजयी रहे। गौरतलब है कि चुनाव परिणाम में विष्णु कुमार चौधरी को 579, हम्मीर सिंह को 364, प्रेमचन्द वर्मा को 335, फारूक मोहम्मद को 22 मत मिले। वहीं 10 मत रद्द किये गए। चुनाव में विजयी हुए प्रत्याशी विष्णु कुमार चौधरी को समर्थकों सहित अन्य सभी लोगों ने माला साफा पहनाकर एवं गुलाल और अबीर लगाकर रेलवे कॉलोनी से मुख्य मार्गों से विजयी जुलूस निकाला गया।

नरेश मीणा को गिरफ्तार करने पर युवाओं ने रोष जताया

निवाई, (निसं)। युवा नेता नरेश मीणा द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन करने एवं किसानों को उनका हक दिलाने के लिए प्रदर्शन करने के दौरान गिरफ्तार कर लेने से सर्व समाज में भारी रोष व्याप्त हो गया है।

इसको लेकर मंगलवार को सर्व समाज के युवा एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और नरेश मीणा को रिहा करने की मांग करने लगे। इस दौरान लोगों ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नरेश मीणा पर लगाए गए झूठे मुकदमों को हटाने एवं उन्हें रिहा करने की राज्यपाल से मांग की गई है। साथ ही शीघ्र ही कार्यवाही नहीं करने पर पूरे प्रदेश में आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

इस अवसर पर हरिनारायण मीणा, शंकरलाल मीणा, मुकेश मीणा, बुद्धि प्रकाश, बन्नालाल डोई, पप्पूलाल मीणा सहित दर्जनों युवा कार्यकर्ता शामिल थे। इसी प्रकार छात्र संघ अध्यक्ष निशा मीणा के नेतृत्व में नरेश मीणा को न्याय दिलाने एवं रिहा करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर मीणा समाज अध्यक्ष मुरलीधर मीणा, एडवोकेट रामकेश मीणा किवाड़ा, जितेंद्र मीणा, सुरेंद्र कुमार मीणा, राजेंद्र मीणा, आशीष मीणा, कजोड़ मीणा, सुदामा मीणा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

■ सर्व समाज के युवाओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

सात करोड़ की लागत से बने विद्यालय का चिकित्सा मंत्री ने लोकार्पण किया

मंडावरी, (निसं)। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने विद्यालय भवन लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति की अगर सोच सकारात्मक हो तो सोच बदलने के साथी विकास के आयाम स्वत ही स्थापित हो जाते हैं। ऐसे में जिस तरह उन्होंने खुद की राजनीतिक जीवन में बिना भेदभाव रहित विकास की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास किया है इसी तरह विकास को भेदभाव से दूर रखते हुए राजनीति से दूर रखा जाए तो विकास की परिकल्पना को साकार होने से कोई रोक नहीं सकता है।

उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ शिक्षा की पुरानी पद्धित को भी बरकरार रखना होगा। मंत्री मीणा ने कहा कि तकनीकी शिक्षा जहां एक ओर विद्यार्थी को तेजी से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है तो दूसरी ओर पौराणिक शिक्षा पद्धित छात्र में अनुशासन संस्कृति एवं गुरुजनों के प्रति सम्मान को जिंदा रखती हैं। चिकित्सा मंत्री ने गणेश चतुर्दशी के मौके पर कस्बे में 7 करोड रुपए लागत से बने नए विद्यालय भवन का फीता काट पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम में स्थानीय लोगों द्वारा चिकित्सा मंत्री मीणा का चांदी से बना हुआ प्रतीक चिन्ह देकर 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। मंडावरी का यह विद्यालय अपने आप में मिसाल है कि यहां के स्थानीय लोगों द्वारा ही इस फंड एकत्र कर पुरातन समय में विद्यालय का निर्माण कराया था जो अपने आप में गौरवशाली इतिहास है।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने अंग्रेजी माध्यम विद्यालय व हिंदी उच्च माध्यमिक विद्यालय दो पारी में चलाने की मांग पर कहा की कोठी वाली ढाणी को अगले समय में उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करवा दिया जाएगा। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि बालिका महाविद्यालय के लिए करीब 4 करोड़ लागत किए भवन कुछ समय में तैयार हो जाएगा। साथ ही मंडावरी सीएचसी से क्रमोन्नत हुआ 40 करोड़ लागत से बनने वाले उप जिला अस्पताल भी आधुनिकतम बनेगा चार मंजिला बनेगा एवं लिफ्ट की सुविधा एवं विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से लैस रहेगा। चिकित्सा मीणा द्वारा गणेश चतुर्दशी के मौके पर मंडावरी नगर पालिका कस्बे के कचहरी रोड स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए बने भवन का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम को लालसोट पालिका अध्यक्ष रक्षा मिशन ने संबोधित करते हुए कहा कि इस विद्यालय से उच्च पदों पर बड़ी संख्या में छात्र निकले हैं। ऐसे में इस विद्यालय की गुणवत्ता बरकरार रहे एवं यहां के छात्र–छात्राएं भी उच्च पदों पर पढ़ लिखकर सफलता हासिल करें ऐसे में यहां की गुणवत्ता को बरकरार रखा जाए तब जाकर ही इस विद्यालय में हुए करोड़ों खर्च एवं शुरू से यहां के स्थानीय लोगों की जो उम्मीदें है पूरी हों पाएगी। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। इस लोकार्पण कार्यक्रम को प्रधान नाथूलाल मीणा, पीसीसी सदस्य पूर्व अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, प्रमुख शिक्षाविद जमनालाल शर्मा, चिरंजीलाल मीणा, पर्व सरपंच रामबिलास मीना, विद्यालय प्रधानाध्यापक भगवान सहाय मीणा, सीडीईओ गोविंद नारायण माली आदि द्वारा भी संबोधित किया गया। इस लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पीसीसी सदस्य कमल मीणा, मोहनलाल जांगिड़, चिमनलाल जांगिड़, रामवतार पूरी, राम प्रसाद तुमडा, गिरिराज भगत, हेमराज मीणा, रामू बजाज, हर सहाय मीणा, प्रसादी लाल, वीर सिंह, ठंडी लाल, मुरारी लकड़ा, पूर्व जिप सदस्य सीतु वर्मा, रामस्वरूप बैरवा, लक्ष्मी नारायण गवेंद्रा, केपी मीणा मेनेजर खानपुर विक्की सोनी, सतीश चौधरी, राजमल सोनी आदि मौजूद रहे।

विद्यालय सुविधाओं को देखते हुए हिंदी व अंग्रेजी क्लासों को लेकर दो पारी में विद्यालय चलाने की मांग उठाई गई। पूर्व सरपंच रामविलास मीणा ने सार्वजनिक मन से मांग करते हुए कहा कि इस नए विद्यालय स्पेस पर्याप्त है। ऐसे में छात्र–छात्राओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अंग्रेजी व हिंदी माध्यम की अलग–अलग दो सत्रों में क्लासेस शुरू की जाए। ताकि हिंदी माध्यम में पढ़ने वाले भी इसी विद्यालय से लाभ लें सके एवं अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं भी इसी विद्यालय से लाभान्वित हो सके।

मंडावरी कस्बे में तकनीकी सुविधाओं से लैस राजकीय विद्यालय भवन का चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा (बीच में) ने लोकार्पण किया।

■ 6 करोड़ से भवन बना है और एक करोड़ लागत से खेल मैदान विकसित होगा

विघ्नहर्ता की स्थापना की

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में मंगलवार को गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लायन्स क्लब द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बे के डाबला रोड पर गणेशोत्सव का शुभारम्भ करते हुए विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्थापना की गई। प्रतिदिन भजन, किर्तन, सुन्दरकाण्ड व झांकियों का आयोजन होगा। वही आगामी 25 सितम्बर को गणेश विसर्जन किया जायेगा। इस मौके पर बजरंग प्रसाद मित्तल, अशोक गुप्ता, डॉ. अरविन्द मित्तल, अरूण गर्ग, घनश्याम अथोनिया, कमल गर्ग, प्रदीप बंसल, शशि मित्तल समेत बडी संख्या में अन्य मौजूद रहे।

इसी तरह उपखण्ड परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय के रियासतकालीन प्राचीन गणेश मंदिर में महंत नवीन चतुर्वेदी द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस दौरान अभिषेक चतुर्वेदी, एड. दिनेश अग्रवाल समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं स्वर्णकार समाज व मराठा समाज द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गो से भगवान गणेश की शोभा यात्रा निकालते हुए अग्रसेन कटला में भगवान गणेश की स्थापना की गई। इसी क्रम में बुधवार 20 सितम्बर को सुन्दरकाण्ड, गुरूवार 21 सितम्बर को श्याम जागरण, शुक्रवार 22 सितम्बर को झांकी, शनिवार 23 सितम्बर को गणेश आरती एवं रविवार 24 सितम्बर को गणपति विसर्जन कर विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। इस मौके पर श्याम लाल सोनी, निक्की सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी क्षेत्र चाकसू (न.पा.चा.) जिला-जयपुर

क्रमांक-3404 नियम 6(7) देखिए दिनांक-18.09.2023

श्री अशोक धरेन्द्रा पुत्र स्व. श्री महावीर प्रसाद धरेन्द्रा पता फ्लेट नं. टी-6/802 रॉयल ग्रीन्स सिरसी रोड जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन कृषि से अकृषि उपयोग (प्राथमिक लघु उद्योग प्रयोजन) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
तहसील चाकसू जिला जयपुर	ग्राम भूरटियाकलां	1122/179 1136/180	कुल किता 0 कुल रकबा 0.32 हैक्टर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .... को जारी की जाती है।
(नगेन्द्र) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र चाकसू

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी क्षेत्र चाकसू (न.पा.चा.) जिला-जयपुर

क्रमांक-3400 नियम 6(7) देखिए दिनांक-18.09.2023

इंटरनल ग्रीन बिजनैस पार्क्स एलएलपी रजिस्टर्ड पता-फ्लैट नं. 811-812 दी लीजेंड, होटल मेरियट के पास दुर्गापुरा जयपुर राजस्थान जरिये पार्टनर मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद रफीक ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन कृषि से अकृषि उपयोग (प्राथमिक लघु उद्योग प्रयोजन) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
तहसील चाकसू जिला जयपुर	ग्राम भूरटियाकलां	1147/39 1150/40	कुल किता 2 कुल रकबा 0.3150 हैक्टर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .... को जारी की जाती है।
(नगेन्द्र) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र चाकसू

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी क्षेत्र चाकसू (न.पा.चा.) जिला-जयपुर

क्रमांक-3408 नियम 6(7) देखिए दिनांक-18.09.2023

श्री दिनेश गुप्ता पुत्र श्री मालीराम खाटूवाला जाति महाजन निवासी सी-380 लेन नं. 1 निर्माण नगर किंग्स रोड अजमेर रोड जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन कृषि से अकृषि उपयोग (प्राथमिक लघु उद्योग प्रयोजन) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
तहसील चाकसू जिला जयपुर	ग्राम भूरटियाकलां	1117/178 1133/175	कुल किता 02 कुल रकबा 0.35 हैक्टर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .... को जारी की जाती है।
(नगेन्द्र) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र चाकसू

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी क्षेत्र चाकसू (न.पा.चा.) जिला-जयपुर

क्रमांक-3412 नियम 6(7) देखिए दिनांक-18.09.2023

श्री दिनेश गुप्ता पुत्र श्री मालीराम खाटूवाला जाति महाजन निवासी सी-380 लेन नं. 1 निर्माण नगर किंग्स रोड अजमेर रोड जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन कृषि से अकृषि उपयोग (प्राथमिक लघु उद्योग प्रयोजन) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
तहसील चाकसू जिला जयपुर	ग्राम भूरटियाकलां	1112/185, 184, 186, 1125/181 1141/183, 159/35, 1163/42	कुल किता 07 कुल रकबा 0.77 हैक्टर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .... को जारी की जाती है।
(नगेन्द्र) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र चाकसू

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी क्षेत्र चाकसू (न.पा.चा.) जिला-जयपुर

क्रमांक-3416 नियम 6(7) देखिए दिनांक-18.09.2023

मैथरा हिल्स प्राइवेट लिमिटेड रजिस्टर्ड पता-फ्लेट नं. 811/812 दी लीजेन्ड होटल मेरियट के पास दुर्गापुरा जयपुर जरिये डायरेक्टर अशोक धरेन्द्रा पुत्र व. श्री महावीर प्रसाद धरेन्द्र ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन कृषि से अकृषि उपयोग (प्राथमिक लघु उद्योग प्रयोजन) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
तहसील चाकसू जिला जयपुर	ग्राम भूरटियाकलां	1156/176	कुल किता 01 कुल रकबा 0.3350 हैक्टर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .... को जारी की जाती